नरेंद्र भूषण, आई.ए.एस.
सचिव
NARENDRA BHOOSHAN, IAS
Secretary

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
भूमि संसाधन विभाग
ग्रामीण विकास मंत्रालय
Government of India
Department of Land Resources
Ministry of Rural Development

## संदेश

सर्वप्रथम आप सभी को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!

संविधान सभा द्वारा 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया जाना केवल एक प्रशासनिक अथवा भाषाई निर्णय नहीं था, बल्कि हमारी सहस्राब्दियों पुरानी सांस्कृतिक निरंतरता, लोकतांत्रिक चेतना और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के अंतर्निहित महान संकल्प की वैधानिक परिणति थी। यह अवसर केवल एक संवैधानिक दायित्व की पुनरावृत्ति नहीं है, बल्कि हमारे प्रशासनिक चिंतन के आत्म-मूल्यांकन का भी दिन है।

भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं होती, वह किसी भी राष्ट्र के आत्मगौरव और सामूहिक अस्मिता की संवाहिका भी होती है। हिंदी-नवजागरण के प्रणेता एवं आधुनिकता के अग्रदूत भारतेंदु हरिश्चंद्र जी ने ठीक ही रेखांकित किया है कि - **"निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल। बिन निज भाषा-ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल॥"** अर्थात अपनी मातृभाषा की प्रगति ही सभी उन्नतियों का आधार है; इसके ज्ञान के बिना हृदय की पीड़ा दूर नहीं हो सकती।

भूमि संसाधन विभाग का मूल आधार 'पारदर्शी भू-प्रबंधन' और 'वॉटरशेड विकास' के राष्ट्रीय संकल्पों पर आधारित है। हमारा प्रत्येक प्रशासनिक प्रयास और नीतिगत निर्णय राजभाषा हिंदी के सक्रिय प्रयोग से ही धरातल पर वास्तविक आकार लेता है। डिजिटल अभिशासन की वास्तविक सार्थकता इसी में है कि सरकारी कामकाज की भाषा इतनी सरल और सुबोध हो कि वह प्रशासनिक और भाषाई दूरियों को पूरी तरह मिटा दे। हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता और निरंतर प्रयास ही राजभाषा हिंदी को वैश्विक पटल पर उसका वास्तविक स्थान दिलाएंगे।

हिंदी दिवस-2026 के उपलक्ष्य में हमारे विभाग में हिंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। मैं विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील करता हूं कि आप सभी इन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ कर भाग लें और अपने दैनिक सरकारी कार्यों में राजभाषा हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करके गौरव का अनुभव करें।

आइए, इस पावन संकल्प-दिवस पर हम सब यह प्रतिज्ञा करें कि हम राजभाषा हिंदी को केवल औपचारिक अनुपालन अथवा फाइलों तक सीमित न रखकर, इसे अपने चिंतन, दैनिक प्रशासनिक व्यवहार और कर्तव्य-बोध का अभिन्न भाग बनाएंगे।

धन्यवाद।

9/9.
(नरेन्द्र भूषण)

कमरा नं. 32042, द्वितीय तल, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद रोड, कर्त्तव्य भवन-3, नई दिल्ली-110001
दूरभाष: 91-11-24011515-17, ई-मेल: secy-dolr@nic.in
Room No. 32042, 2nd Floor, Dr. Rajendra Prasad Road, Kartavya Bhavan-3, New Delhi-110001
Ph.: 91-11-24011515-17, E-mail: secy-dolr@nic.in